ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, 6ನೇ ಅಡ್ಡ ರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ,

ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD,**
**6th CROSS, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ, ಫೆಬ್ರವರಿ 2020

# STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION, FEBRUARY 2020

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** | **Code No. : 61-H**

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 20. 02. 2020 ] | [ Date : 20. 02. 2020

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] | [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] | [ Max. Marks : 80

---

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8

1. 'चीज़ें' का अन्य वचन शब्द है –

(A) चीजों (B) चीज़

(C) चिज़ (D) चिज़ाँ ।

2. निम्नलिखित में से 'पुल्लिंग' शब्द है –

(A) श्रीमती (B) लेखिका

(C) देवी (D) श्रीमान ।

3. 'पीछे' का विलोम शब्द है –

(A) ऊपर (B) पास

(C) आगे (D) नीचे ।

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) चलाना (B) चला जाना

(C) चाल (D) चलवाना ।

5. 'महोत्सव' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) यण

(C) गुण (D) वृद्धि ।

6. 'बेहोश' शब्द में समास है –

(A) द्विगु (B) अव्ययीभाव

(C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय ।

7. रेलगाड़ी दिल्ली ............ निकलती है ।

रिक्त स्थान के लिए सही कारक होगा –

(A) का (B) पर

(C) ने (D) से ।

8. बिछेंद्री रोज़ पैदल चलकर स्कूल जाती थी

ऊपर्युक्त वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) अल्पविराम (D) विस्मयादिबोधक ।

II. **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 4 × 1 = 4

9. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : कश्मीरी सेब : .......................

10. अब्दुल कलाम : आशियम्मा : : बिछेंद्री पाल : .......................

11. भीखू अहीर का घर : कच्चा : : अब्दुल कलाम का घर : .......................

12. तुलसीदास : रामभक्ति शाखा : : सूरदास : .....................

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** $4 \times 1 = 4$

13. रोज़ एक सेब खाने पर किनकी जरूरत नहीं रहेगी ?

14. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?

15. प्रकृति पर सर्वत्र कौन आसीन है ?

16. तुलसीदास के अनुसार मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि कैसे होती है ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** $8 \times 2 = 16$

17. कर्नाटक की नदियों पर बने बाँध के कौन-से लाभ हैं ?

18. मछली ने दोनों दोस्तों को मकान बनाने का तरीका कैसे समझाया ?

19. इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

20. लेखक, ईमानदारों के सम्मेलन में पुलिस को बुलाने के पक्ष में क्यों नहीं थे ?

21. यशोदा की किन बातों ने कृष्ण को मनाया ?

22. दिनकरजी, मानव के सही परिचय को कैसे स्पष्ट करते हैं ?

23. साल-भर के बाद भी आकाश में शनि की स्थिति में विशेष परिवर्तन दिखाई नहीं देता । कारण बताइए ।

**अथवा**

शनि के उपग्रहों की जानकारी दीजिए ।

24. एक नागरिक के अपने देशवासियों के प्रति क्या कर्तव्य हैं ?

**अथवा**

जॉन मेन्सफील्ड की सत्य के प्रति धारणा को उजागर कीजिए ।

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 × 3 = 27

25. जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।

26. पं० राजकिशोर द्वारा बसंत की चिकित्सा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दीजिए ।

27. रोबोनिल ने साधोराम की नौकरी वापिस दिलाने के लिए धीरज सक्सेना पर दबाव कैसे बढ़ाया ? विस्तार से बताइए ।

28. बिछेंद्री पाल के दक्षिणी शिखर के अनुभवों का विवरण दीजिए ।

29. 'बाल-शक्ति' द्वारा गाँव की स्वच्छता के लिए बनाई गई योजना का विवरण दीजिए ।

30. 'मातृभूमि' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

31. 'समय की पहचान' कविता से आपको क्या सीख मिलती है ? बताइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    जड़ चेतन, गुण-दोषमय, विस्व कीन्ह करतार ।

    संत-हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

    कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है ।

    इसकी राजधानी बेंगलूरू है । यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।

VI. **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8

34. गिल्लू के क्रिया-कलापों का विवरण दीजिए ।

**अथवा**

गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा की ममत्व भावना का वर्णन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ................................................

..........................................................

..........................................................

............................................ भागो तुम ।

VII. 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4

मीरा बहन पर गांधीजी के विचारों का इतना प्रभाव पड़ा कि वे इंगलैंड छोड़कर भारत आ गईं । स्वतंत्रता के बाद मीरा बहन ने उत्तर प्रदेश के एक पर्वतीय गाँव गेंवली में 'गोपाल आश्रम' की स्थापना की । आश्रम में उनका अधिकतर समय पालतू जानवरों की देखभाल में बीतता था । पर्वतीय गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है । जंगल कटने के कारण शिकार को ढूँढ़ते हुए बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाते हैं । गेंवली गाँव में एक बाघ ने घुसकर एक गाय को मार डाला । डरे हुए लोग मीरा बहन के पास गए और उन्हें अपनी चिंता बताई ।

क) मीरा बहन, इंगलैंड छोड़कर भारत क्यों आईं ?

ख) आश्रम में उनका समय कैसे बीतता ?

ग) बाघ, गाँव तक क्यों पहुँच जाते थे ?

घ) गेंवली गाँव के लोग क्यों डरे हुए थे ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4

क) जनसंख्या – एक गंभीर समस्या

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* जनसंख्या नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) स्वच्छ भारत अभियान

* प्रस्तावना
* स्वच्छता की आवश्यकता
* स्वच्छता के लाभ
* उपसंहार ।

ग) वृक्ष

* प्रस्तावना
* वृक्ष का महत्व / आवश्यकता
* वृक्ष के उपयोग / लाभ
* उपसंहार ।

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$

38. शैक्षिक प्रवास जाने के लिए रुपए भेजने की विनती करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

दीदी के विवाह में भाग लेने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।